अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

For All Competitive Exams

**09 AUG 2023**

## TOP 10 NEWS With MCQs

**प्रमुख बिन्दु**

- राष्ट्रीय समाचार
- अंतर्राष्ट्रीय समाचार
- खेल-कूद
- पुरस्कार/सम्मान
- महत्वपूर्ण दिवस
- बैंकिंग व अर्थव्यवस्था
- नव नियुक्तियाँ
- निधन
- विज्ञान व प्रौद्योगिकी
- विविध घटनाएँ

**USEFUL FOR**

IAS | PCS
BANK | SSC
RAILWAY
S-TET | UPSI
STATE EXAMS

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ : 08 अगस्त**



- भारत छोड़ो आंदोलन की 91वीं वर्षगांठ है।
- 1942 में 08 अगस्त के ही दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश से अंग्रेज़ों को निकालने के लिए करो या मरो का आह्वान किया था।
- यह आंदोलन मुंबई में गोवालिया टैंक से शुरू हुआ।
- प्रत्येक वर्ष यह दिन अगस्त क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

2. **सर्बानंद सोनोवाल ने सागर सेतु के तहत बंदरगाह स्वास्थ्य संगठन का शुभारंभ किया**



- केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग (MoPSW) और आयुष मंत्री, सर्बानंद सोनोवाल ने सागर सेतु - राष्ट्रीय रसद पोर्टल (समुद्री) के तहत पोर्ट स्वास्थ्य संगठन (PHO) मॉड्यूल लॉन्च किया है।
- PHO नागरिकों और बंदरगाह श्रमिकों की सुरक्षा के लिए रोग निगरानी, स्वास्थ्य निरीक्षण और संगरोध उपाय करेगा।
- पीएचओ मॉड्यूल का लॉन्च हमारे सिस्टम के डिजिटलीकरण और आधुनिकीकरण की दिशा में एक और कदम है जो देश में व्यापार करने में आसानी को आगे बढ़ाएगा।
- पोर्ट हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन मॉड्यूल की परिकल्पना PHO क्लीयरेंस प्रमाणपत्रों के लिए अनुरोध, PHO द्वारा

3. **मंत्रालय ने 'नया सवेरा' या 'मुफ्त कोचिंग और संबद्ध' योजना लागू की**



- अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने 'नया सवेरा' योजना लागू की, जिसे 'मुफ्त कोचिंग और संबद्ध' योजना के रूप में भी जाना जाता है।
- उद्देश्य - छह अल्पसंख्यक समुदायों अर्थात् सिख, जैन, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध और पारसी से संबंधित छात्रों/उम्मीदवारों को योग्यता परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग के माध्यम से सहायता करना।
- योजना के तहत कोचिंग की अवधि 3 महीने से 2 साल तक थी।
- इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून, प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी आदि जैसे तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अर्हक परीक्षाओं और विदेशी विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवश्यक भाषा/योग्यता परीक्षाओं की तैयारी करना।

4. **भारतवंशी वैभव तनेजा को टेस्ला के नए चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया**




- भारतवंशी वैभव तनेजा को इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माता कंपनी टेस्ला के नए चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (CFO) के रूप में नियुक्त किया गया है.
- वैभव तनेजा अपनी नई जिम्मेदारी के रूप में टेस्ला के सीएफओ Zachary Kirkhorn की जगह लेंगे.

- इससे पहले वैभव अकाउंटिंग डिपार्टमेंट को लीड कर रहे थे.
- वैभव तनेजा भारत में प्रतिष्ठित दिल्ली विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक है.
- टेस्ला के साथ काम शुरू करने से पहले वह सोलरसिटी कॉरपोरेशन और प्राइसवाटरहाउसकूपर्स (पीडब्ल्यूसी) में जुड़े हुए थे.

5. **तिलक वर्मा T20I क्रिकेट में अर्धशतक जड़ने वाले दूसरे सबसे युवा बने**

- 
- भारतीय युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा पुरुषों के टी20I क्रिकेट के इतिहास में अर्धशतक जड़ने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय बन गए है.
- तिलक वर्मा ने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ दूसरे T20I में यह उपलब्धि हासिल की.
- तिलक वर्मा ने 41 गेंदों में शानदार 51 रनों की पारी खेली.
- टी20I क्रिकेट के इतिहास में सबसे कम उम्र में अर्धशतक जड़ने का रिकॉर्ड भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के नाम है.
- उन्होंने 20 वर्ष और 143 दिन की उम्र में अपना पहला अर्द्धशतक लगाया था.

6. **भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एशियाई खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों पर बनाई गयी शॉर्ट फिल्म**

SAI भारतीय खेल प्राधिकरण SPORTS AUTHORITY OF INDIA

- 
- भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) ने अम्ब्रेला प्रोग्राम 'चीयर4इंडिया' के तहत एशियाई खेलों के लिए जाने वाले एथलीटों की यात्रा पर एक शॉर्ट फिल्म सीरीज 'हल्ला बोल' शुरू किया है.
- इस अभियान के तहत हांग्जो एशियाई खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों को एशियाई खेलों के बारे में जागरूक और प्रेरित किया जायेगा.
- SAI ने कहा कि आने वाले हफ्तों में कुल 12 शॉर्ट फ़िल्में प्रदर्शित की जाएंगी.

7. **ऑस्ट्रेलिया 10 दिवसीय मालाबार एक्सरसाइज की मेजबानी करेगा**

- 
- मालाबार एक्सरसाइज का नवीनतम संस्करण 11-21 अगस्त तक ऑस्ट्रेलियाई जल क्षेत्र में शुरू होगा, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाएं भाग लेंगी.
- मालाबार एक्सरसाइज की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया पहली बार करने जा रहा है.
- मालाबार एक्सरसाइज की शुरुआत 1992 में भारत और अमेरिका के बीच हुई थी.
- जापान 2015 में इस एक्सरसाइज में शामिल हुआ.
- इसके बाद 2020 से ऑस्ट्रेलियाई नौसेना ने भी इसमें भाग लेना शुरू कर दिया.

8. **पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल-2023 में प्रमोद भगत और सुकांत कदम जोड़ी ने SL3-SL4 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता**

- 
- दुनिया की नंबर 1 पुरुष युगल जोड़ी प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने इंग्लैंड के शेफ़ील्ड में चार देशों के पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल-2023 में हमवतन दीप रंजन बिसोयी और मनोज सरकार को हराकर SL3-SL4 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता.
- भगत ने एकल SL3 वर्ग में रजत और मनीषा रामदास के साथ मिश्रित युगल SL3-SU5 वर्ग में भी रजत पदक जीता है.
- वहीं 'कदम' ने एकल SL4 वर्ग में कांस्य पदक जीता.

**9. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतनेट प्रोजेक्ट के तहत गांवों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के लिए 1.39 लाख करोड़ रुपये मंजूर किये**

- 
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतनेट प्रोजेक्ट (BharatNet project) के तहत देश भर के 6.4 लाख गांवों के लिए लास्ट-मील (Last-mile) ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी योजना के लिए 1.39 लाख करोड़ रुपये आवंटित किये है. वर्तमान में भारतनेट प्रोजेक्ट के तहत लगभग 1.94 लाख गांवों को जोड़ा गया है. यह कनेक्टिविटी भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल) द्वारा प्रदान की जा रही है जो बीएसएनएल की एक शाखा है.

**10. नीरज चोपड़ा विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे**

- 
- ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 19 अगस्त से हंगरी के बुडापेस्ट में शुरू होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक बार फिर भारत दल का नेतृत्व करेंगे.
- भारत, विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 28 सदस्यीय टीम के साथ उतारेगा.
- शॉट पुटर तजिंदरपाल सिंह तूर कमर की चोट के कारण चैंपियनशिप से अपना नाम वापस ले लिया है.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. प्रतिवर्ष कब भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ मनाई जाती है?**
(a) 08 अगस्त
(b) 09 अगस्त
(c) 07 अगस्त
(d) 10 अगस्त

**2. सागर सेतु – राष्ट्रीय रसद पोर्टल (समुद्री) के तहत पोर्ट हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (PHO) मॉड्यूल किसने लॉन्च किया है?**
(a) अनुराग ठाकुर
(b) पीयूष गोयल
(c) जितेंद्र सिंह
(d) सर्बानंद सोनोवाल

**3. हाल ही में किस मंत्रालय ने 'नया सवेरा' योजना, जिसे 'मुफ्त कोचिंग और संबद्ध' योजना भी कहा जाता है, लागू की है?**
(a) संस्कृति मंत्रालय
(b) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
(c) आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय
(d) शिक्षा मंत्रालय

**4. किस भारतीय-अमेरिकी को टेस्ला के नए चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया गया है?**
(a) दीपक आहुजा
(b) वैभव तनेजा
(c) दिलजीत सिंह
(d) अरुण सिन्हा

**5. T20I क्रिकेट में अर्धशतक जड़ने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय कौन बने है?**
(a) तिलक वर्मा
(b) ईशान किशन
(c) शुभमन गिल
(d) यशस्वी जायसवाल

**6. भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एशियाई खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों पर बनाई गयी शॉर्ट फिल्म का टाइटल क्या है?**
(a) 'चक दे इंडिया'
(b) 'नमस्ते इंडिया'
(c) 'हल्ला बोल'
(d) 'खेलों इंडिया'

**7. इस वर्ष 10 दिवसीय मालाबार एक्सरसाइज की मेजबानी कौन-सा देश करेगा?**
(a) ऑस्ट्रेलिया
(b) भारत
(c) जापान
(d) यूएसए

**8. पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल-2023 में किस जोड़ी ने SL3-SL4 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता?**
(a) दीप रंजन बिसोयी और मनोज सरकार
(b) प्रमोद भगत और सुकांत कदम
(c) मनोज सरकार और प्रमोद भगत
(d) सुकांत कदम और दीप रंजन

**9. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतनेट प्रोजेक्ट के तहत गांवों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के लिए कितने रुपये मंजूर किये है?**
(a) 1.00 लाख करोड़
(b) 1.29 लाख करोड़
(c) 1.39 लाख करोड़
(d) 1.49 लाख करोड़

**10. विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम का नेतृत्व कौन करेंगे?**
(a) नीरज चोपड़ा
(b) तजिंदरपाल सिंह तूर
(c) हिमा दास
(d) रोहित यादव

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (d) | (b) | (b) | (a) | (c) | (a) | (b) | (c) | (a) |